The ACHIEVERS IAS ACADEMY


# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# DAILY CURRENT AFFAIR

25 - 11– 2022

FRIDAY



### 1. भारत और इंडोनेशिया के बीच शुरू हुआ द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास गरुड़ शक्ति



भारतीय विशेष बलों की एक टुकड़ी वर्तमान में इंडोनेशिया में वहां के विशेष बलों के साथ द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास कर रही है, जिसका उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ाना है। बयान के मुताबिक सांगा बुआना प्रशिक्षण क्षेत्र, करावांग, इंडोनेशिया में आयोजित द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' बैनर के तहत द्विपक्षीय अभ्यासों की श्रृंखला का आठवां संस्करण है।कि दोनों सेना के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत भारतीय विशेष सैनिकों बलों की एक टुकड़ी वर्तमान में सांगा बुआना प्रशिक्षण क्षेत्र, करावांग, इंडोनेशिया में वहां के विशेष बलों के साथ एक द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास गरुड़ शक्ति में शामिल हुई है। यह अभ्यास 21 नवंबर को शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य दोनों सेनाओं के विशेष बलों के बीच समझ, सहयोग और अंतर परिचालन को बढ़ावा देना है।संयुक्त अभ्यास के दायरे में विशेष बलों के कौशल को उन्नत करना, हथियार, उपकरण, नवाचार, रणनीति, तकनीकी और प्रक्रियाओं पर जानकारी साझा करना शामिल है। इसके अलावा विभिन्न अभियानों से सीखे गए सबक, जंगल इलाके में विशेष बल संचालन, आतंकवादी शिविरों पर हमले और सैन्य सहयोग पर जानकारी भी साझा की जाएगी।संयुक्त प्रशिक्षण में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, सामरिक अभ्यास, तकनीकों और प्रक्रियाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसके लिए एक व्यापक 13-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। यह अभ्यास 48 घंटे लंबे सत्यापन अभ्यास के साथ समाप्त होगा।

### 2. यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने पहली बार अंतरिक्ष में भेजने के लिए एक दिव्यांग व्यक्ति का किया चयन




यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने एक सड़क हादसे में अपने पैर गंवाने वाले एक व्यक्ति को अंतरिक्ष यात्रियों के अपने नए समूह में शामिल कर इतिहास रच दिया है। जॉन मैकफॉल (41) ने 19 साल की उम्र में अपना दाहिना पैर खो दिया था। उन्होंने कहा कि उनका चयन " इतिहास में एक बड़ा पड़ाव साबित होगा।" उन्होंने बुधवार को कहा, " ईएसए एक शारीरिक रूप से अक्षम अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजने को प्रतिबद्ध है...यह पहली बार है कि किसी अंतरिक्ष एजेंसी ने इस तरह की परियोजना शुरू करने का प्रयास किया और वास्तव में मानवता के नाम एक बड़ा संदेश दिया है।"मैकफॉल ने कहा, " मैं खुद को लेकर आश्वस्त हूं। करीब 20 पहले मैं अपना पैर खो बैठा था, मुझे पैरालंपिक में जाने का मौका मिला और उससे भावनात्मक रूप से मैं काफी बेहतर हुआ। जीवन में आई हर चुनौती से मुझे आत्मविश्वास और बल मिला। खुद पर भरोसा करने का जज़्बा मिला कि मैं कुछ भी कर सकता हूं..." उन्होंने कहा, " मैंने कभी अंतरिक्ष यात्री बनने का सपना नहीं देखा था। जब ईसीए ने घोषणा की कि वह एक पहल के लिए दिव्यांग व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं तभी मेरे मन में इसको लेकर रुचि जागी। " इस पहल को व्यवहार्य बनाए जाने संबंधी अध्ययन तीन साल तक चलेगा।एक 'पैरास्ट्रोनॉट' (दिव्यांग अंतरिक्ष यात्री) के लिए बुनियादी बाधाओं का पता लगाया जाएगा, जिसमें शारीरिक अक्षमता मिशन प्रशिक्षण को कैसे प्रभावित कर सकती है और यदि 'स्पेससूट' और विमान में किसी तरह के खास बदलाव की जरूरत है तो इसका भी पता लगाया जाएगा। ईएसए के मानव एवं रोबोटिक अन्वेषण के निदेशक डेविड पार्कर ने कहा कि अभी "काफी लंबा सफर तय" करना है। हालांकि इस नई भर्ती को उन्होंने एक महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा बताया। पार्कर ने कहा कि शायद पहली बार 'पैरास्ट्रोनॉट' शब्द का

इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन '' मैं इस शब्द पर अपने हक का कोई दावा नहीं करता।'' उन्होंने कहा, '' हम कह रहे हैं कि जॉन मैकफॉल पहले 'पैरास्ट्रोनॉट' हो सकते हैं।

**3. अनवर इब्राहिम बने मलेशिया के नए प्रधानमंत्री**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मलेशिया का नया प्रधानमंत्री चुने जाने पर सुधारवादी नेता अनवर इब्राहिम को गुरुवार को बधाई दी और कहा कि वह दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। मलेशिया के सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह ने सुधारवादी विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम को गुरुवार को देश का नया प्रधानमंत्री घोषित किया। इससे मलेशिया में खंडित जनादेश वाले आम चुनावों के बाद कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता का अंत हो गया।सुल्तान ने कहा कि अनवर को गुरुवार शाम पांच बजे शाही महल में मलेशिया के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, ''मलेशिया का प्रधानमंत्री चुने जाने पर अनवर इब्राहिम को बधाइयां। मैं भारत-मलेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के वास्ते साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।'' मलेशिया के आम चुनाव में अनवर के नेतृत्व वाले गठबंधन पाकतन हरपन (उम्मीदों के गठबंधन) को सर्वाधिक 82 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। हालांकि, यह गठबंधन सरकार गठन के लिए जरूरी 112 सीटों के आंकड़े से काफी पीछे रह गया था।चुनाव में मलय समुदाय से मिले अप्रत्याशित समर्थन के कारण पूर्व प्रधानमंत्री मुहीद्दीन का मलय-केंद्रित पेरिकटन नेशनल (राष्ट्रीय गठबंधन) 72 सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था। पैन-मलेशियन इस्लामिक पार्टी 49 सीटों पर जीत के साथ इस गठबंधन का सबसे बड़ा दल बनकर उभरी थी।गतिरोध का समाधान उस समय हो गया, जब चुनाव में 30 सीटें जीतने वाले यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (यूएमएनओ) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने एक ऐसी एकता सरकार का समर्थन करने की सहमति जता दी, जिसका नेतृत्व अनवर के हाथों में होगा। दोनों खेमों के बीच लंबे समय से जारी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते मलेशिया की राजनीति में कुछ समय पहले तक इस तरह के गठबंधन की कल्पना करना भी मुश्किल था।

**4. रवि कुमार सागर को प्रतिष्ठित डॉ. कलाम सेवा पुरस्कार से किया गया सम्मानित**



रवि कुमार सागर को सबसे प्रतिष्ठित डॉ अब्दुल कलाम सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें समाज के लिए उनकी निरंतर सेवा के लिए प्रदान किया गया था और वह भारत के सबसे कम उम्र के उद्यमियों में से एक हैं। जुड़वां तेलुगु राज्यों के एक युवा उद्यमी, रवि कुमार सागर, जिन्हें आरके' एस के नाम से भी जाना जाता है।जब लॉकडाउन और महामारी फैलने के कारण अन्य व्यवसायों को भारी नुकसान हुआ, तो रवि कुमार सागर ने मेडिकल स्टोर और अस्पतालों को पीपीई किट, सैनिटाइज़र और फेस मास्क बेचकर अपनी उद्यमिता यात्रा शुरू की। 50,000 रुपये के शुरुआती निवेश के साथ, रवि कुमार सागर ने अपना कारोबार 2 करोड़ रुपये तक बढ़ाने में सफलता हासिल की।14 अप्रैल 2000 को आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के गुडूर में एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे रवि कुमार ने 12 साल की उम्र में अपनी मां को कैंसर से खो दिया था। 10 वीं कक्षा के बाद, वह 'डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर' में प्रवेश करने के इच्छुक थे और उन्होंने अपने पिता से 2016 में नामांकन करने का आग्रह किया।

**5. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने वर्ष 2021 के लिए 'तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कारों' की घोषणा की**




केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2021 के लिए "तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवार्ड" (TNNAA) नामक राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार की घोषणा कर दी है।यह पुरस्कार चार श्रेणियों लैंड एडवेंचर, वॉटर एडवेंचर, एयर एडवेंचर और लाइफ टाइम अचीवमेंट में दिए जाते हैं। इस साल ग्रुप कैप्टन भवानी सिंह सम्याल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, शुभम धनंजय वनमाली को वाटर एडवेंचर और नैना धाकड़ को लैंड एडवेंचर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।इस वर्ष, युवा मामले के सचिव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय चयन समिति का गठन किया गया था। जिसमें साहसिक कार्य क्षेत्र के कई विशेषज्ञ शामिल थे। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गयी.तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवार्ड विजेताओं को 30 नवंबर 2022 को राष्ट्रपति भवन में अर्जुन पुरस्कार विजेताओं के साथ भारत के राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को कांस्य प्रतिमा, एक प्रमाण पत्र के साथ 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाती है।तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवार्ड का नाम तेनजिंग नोर्गे के नाम पर रखा गया है, जो साल 1953 में सर एडमंड हिलेरी के साथ माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाले पहले दो पर्वतारोहियों में से एक थे।तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार हर साल एडवेंचर के क्षेत्र में व्यक्तियों की उपलब्धियों को मान्यता देने, तथा युवाओं में जोखिम लेने की भावना विकसित करने के लिए साथ ही एडवेंचर गतिविधियों के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिए जाते हैं।

### 6. भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक अग्नि-3 मिसाइल का सफल किया परीक्षण




भारत रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। जहां सैनिकों को आधुनिक उपकरणों से लैस किया जा रहा है, वहीं स्वदेशी रूप से हथियारों को भी विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम को आगे बढ़ाने के लिए भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण किया है। दुनिया में मिसाइल के क्षेत्र में अग्रणी भारत के लिए यह सफल परीक्षण रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ी कामयाबी है। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अग्नि सीरीज की यह बैलिस्टिक मिसाइल देश को मजबूत रक्षा तंत्र के निर्माण को नई ऊंचाई देगी।भारत ने बुधवार को ओडिशा के तट से दूर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण करके अपनी मिसाइल शक्ति और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र में एक और कामयाबी हासिल की है। मिसाइल का परीक्षण पूरी तरह से सफल रहा और यह विभिन्न मानकों पर खरी उतरी। अग्नि-3 बैलिस्टिक मिसाइल 3,500 किलोमीटर दूर तक दुश्मनों के ठिकानों पर सटीक निशाना लगाकर उसे तबाह करने की ताकत रखती है। इसकी जद में पूरा पाकिस्तान और चीन का लगभग आधा हिस्सा आता है।रक्षा मंत्रालय ने देर रात एक बयान में खुलासा किया कि इंटरमीडिएट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि -3 का सफल प्रक्षेपण किया गया है। यह सामरिक बल कमांड के तत्वाधान में किए गए नियमित उपयोगकर्ता प्रशिक्षण का हिस्सा था। मिसाइल का प्रक्षेपण पूर्व निर्धारित सीमा के लिए किया गया था और सिस्टम के सभी परिचालन मापदंडों को मान्य किया गया। सफलतापूर्वक किया गया यह टेस्ट भारत के रूटीन यूजर ट्रेनिंग लॉन्च को स्ट्रेटेजिक फोर्सेस कमांड के निर्देशन में किया गया।

### 7. यूरोपीय संघ की संसद ने रूस को घोषित किया 'आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश'



यूरोपीय संघ की संसद ने बुधवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए रूस को 'आतंकवाद को प्रायोजित करने वाला राज्य' घोषित कर दिया. यूरोपीय सांसदों ने रूस को आतंकवाद का प्रायोजक देश बताने वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया. इसके साथ ही यूरोपीय संघ के नेताओं ने कहा कि ऊर्जा के बुनियादी ढांचे, अस्पतालों, स्कूलों और आश्रयों जैसे नागरिक लक्ष्यों पर मॉस्को के सैन्य हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं. ईयू का यह कदम काफी हद तक प्रतीकात्मक है क्योंकि यूरोपीय संघ के पास इसका समर्थन करने के लिए कोई कानूनी ढांचा नहीं है. संघ ने पहले ही यूक्रेन पर अपने आक्रमण को लेकर रूस पर अभूतपूर्व प्रतिबंध लगाए हैं. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों से आग्रह किया है कि वे रूस को 'आतंकवाद का प्रायोजक देश' घोषित करें.जेलेंस्की ने रूस की सेना पर यूक्रेन के नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जिसे मॉस्को ने नकार दिया. अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अब तक कांग्रेस के दोनों सदनों में प्रस्तावों के बावजूद रूस को 'आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश' की लिस्ट में डालने करने से इनकार कर दिया है.अमेरिकी विदेश विभाग वर्तमान में चार देशों – क्यूबा, उत्तर कोरिया, ईरान और सीरिया – को आतंकवाद के राज्य प्रायोजकों के रूप में नामित करता है, जिसका मतलब है कि ये देश रक्षा निर्यात प्रतिबंध और वित्तीय प्रतिबंधों के अधीन हैं. यूरोपीय संघ में, यूरोपीय संसदीय अनुसंधान सेवा के मुताबिक अब तक चार देशों – लिथुआनिया, लातविया, एस्टोनिया और पोलैंड – के संसदों ने रूस को आतंकवाद के राज्य प्रायोजक के रूप में नामित किया है.

### 8. परियोजना 15बी वाई के दूसरे जहाज मोरमुगाओ की गई डिलीवरी



भारतीय नौसेना को आज प्रोजेक्ट 15बी के तहत बनाये गए स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का दूसरा जहाज मोरमुगाओ (वाई 12705) मिल गया। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने गुरुवार को यह जहाज नौसेना को सौंप दिया। यह जहाज परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के समय भी बचाव करने में सक्षम है। इसी प्रोजेक्ट का पहला जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम पिछले साल भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।प्रोजेक्ट 15बी के चार जहाजों के लिए 28 जनवरी, 2011 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह परियोजना कोलकाता वर्ग (परियोजना 15ए) के विध्वंसक का अनुवर्ती है जिसे पिछले दशक में कमीशन किया गया था। इसी परियोजना का पहला जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम पिछले साल 21 नवंबर को भारतीय नौसेना में कमीशन किया जा चुका है। आईएनएस मोरमुगाओ प्रोजेक्ट-15बी श्रेणी का दूसरा स्वदेशी स्टील्थ विध्वंसक है। स्वदेशी तकनीक से बने युद्धपोत को पिछले साल 19 दिसंबर को परीक्षण के लिए समुद्र में उतारा गया था। इस जहाज का नाम गोवा के समुद्री क्षेत्र मोरमुगाओ को समर्पित करने से न केवल भारतीय नौसेना और गोवा के लोगों के बीच संबंध में वृद्धि होगी, बल्कि जहाज की पहचान को स्थायी रूप से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका से भी जोड़ा जाएगा।इसके मिलने से भारतीय नौसेना की कई गुना ताकत बढ़ जाएगी। 163 मीटर लंबे और 730 टन वजनी इस युद्धपोत में मिसाइलों को चकमा देने की क्षमता है। 65 फीसदी स्वदेशी तकनीक से निर्मित इस युद्धपोत को स्टील्थ तकनीक से बनाया गया है। यह जहाज परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के समय भी बचाव करने में सक्षम है। इस युद्धपोत पर 50 अधिकारियों समेत 250 नौसैनिक तैनात रहेंगे। इस युद्धपोत में चार शक्तिशाली गैस टर्बाइन इंजन लगे हैं। समुद्र में 56

किलोमीटर प्रति घंटा (30 नॉटिकल मील) की रफ्तार से चलने वाला यह युद्धपोत 75 हजार वर्ग किमी. समुद्री क्षेत्र की निगरानी कर सकता है।इस पर ब्रह्मोस, बराक-8 जैसी 8 मिसाइलें लगाई जाएंगी। देश के सबसे आधुनिक एडवांस्ड गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर में इजराइल का मल्टी फंक्शन सर्विलांस थ्रेट अलर्ट रडार 'एमएफ-स्टार' लगा है। यह कई किलोमीटर दूर से हवा में मौजूद लक्ष्य को पहचान लेगा जिससे सटीक निशाना लगाया जा सकेगा। यह उड़ते विमान पर 70 किलोमीटर और जमीन या समुद्र पर मौजूद लक्ष्य पर 300 किलोमीटर दूर से निशाना लगाने में सक्षम है। आईएनएस मोरमुगाओ 127 मिलीमीटर गन से लैस है, इसमें एके-630 एंटी मिसाइल गन सिस्टम भी है। मोरमुगाओ पर दो आरबीईयू-6000 एंटी सबमरीन रॉकेट लांचर भी लगे हैं। इस पर बेहद खराब मौसम के दौरान भी नौसेना के हेलीकॉप्टर लैंड कर सकेंगे।

## ONE LINER

**खाड़ी सहयोग परिषद का प्रमुख मुख्यालय कहाँ स्थित है -** रियाद

**भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) ने 24 नवंबर 2022 को मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा की। कौनसा देश GCC का हिस्सा नहीं है -** ईरान

**भारतीय वायु सेना 28-30 नवंबर 2022 तक वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) अभ्यास 'समन्वय 2022' कहाँ आयोजित करेगी -** आगरा

**लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मुनीर को किस देश की सेना का नया प्रमुख नियुक्त किया गया -** पाकिस्तान

**किस बैंक ने देश का पहला स्टीकर आधारित डेबिट कार्ड FIRSTAP लॉन्च किया है -** IDFC FIRST बैंक

**ग्रिड-इंटरैक्टिव अक्षय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता के मामले में निम्नलिखित में से कौन सा राज्य शीर्ष स्थान पर है -**कर्नाटक

**युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय ने वर्ष 2021 के लिए तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार (TNNAA) की घोषणा की। लैंड एडवेंचर श्रेणी में किसे सम्मानित किया गया है -** नैना धाकड़

**नवंबर 2022 में लॉन्च की गई पुस्तक 'एक्सीडेंटल जार: द लाइफ एंड लाइज ऑफ व्लादिमीर पुतिन के लेखक हैं -** एंड्रयू एस. वीस

**ओडिशा से किस इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था - अग्नि-III**

**किस सिख गुरु की शहादत 24 नवंबर 2022 को मनाई जाती है -** गुरु तेग बहादुर

## QUIZ

**1. अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस कब मनाया जाता है?**

a) 24 नवंबर

b) 20 नवंबर

**c) 25 नवंबर**

d) 30 नवंबर

**महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 25 नवंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ लिंग आधारित हिंसा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।**

**2. अनवर इब्राहिम किस देश के प्रधान मंत्री बने हैं?**

**a) मलेशिया**

b) इंडोनेशिया

c) वियतनाम

d) सिंगापुर

**मलेशिया के राजा ने पाकतन हरपन (PH) प्रमुख अनवर इब्राहिम को देश का नया प्रधान मंत्री नामित किया है। राष्ट्र के नौ राज्य सम्राटों की एक विशेष बैठक में राजा द्वारा अन्य शासकों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया था।**

**3. किस बैंक ने भारत का पहला स्टिकर-आधारित डेबिट कार्ड लॉन्च किया है?**

a) भारतीय स्टेट बैंक

**b) आईडीएफसी फर्स्ट बैंक**

c) एचडीएफसी बैंक

d) कोटक महिंद्रा बैंक

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के सहयोग से भारत का पहला स्टिकर-आधारित डेबिट कार्ड-FIRSTAP लॉन्च किया है। यह कार्ड नियर फील्ड**

**कम्युनिकेशन (एनएफसी) पर स्टिकर को टैप करके लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे पॉइंट-ऑफ-सेल टर्मिनल सक्षम हो जाएगा।**

**4. वन्यजीव शिखर सम्मेलन ने किस कछुआ प्रजाति के संरक्षण के लिए भारत के प्रस्ताव को अपनाया है?**

a) ग्रीन समुद्री कछुआ

b) लेदर-बैक समुद्री कछुआ

c) पेन्टिड कछुआ

**d) लीथ सोफ्टशेल कछुआ**

**पनामा में चल रहे विश्व वन्यजीव सम्मेलन में लीथ के सॉफ्टशेल कछुए की सुरक्षा बढ़ाने के भारत के प्रस्ताव को अपनाया गया है।**

**5. कौन सा फुटबॉलर 5 वर्ल्ड कप में गोल करने वाला पहला खिलाड़ी बन गया है?**

a) लियोनेल मेसी

**b) क्रिस्टियानो रोनाल्डो**

c) एंटोनी

d) नेमार

**क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले फुटबॉल इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी पेनल्टी ने पुर्तगाल को कतर में चल रहे फीफा विश्व कप में घाना पर 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज करने में मदद की। पुर्तगाल के कप्तान ने घाना के खिलाफ खेल के 65वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने के बाद यह उपलब्धि हासिल की।**

**6. किस राज्य में पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर और रूरल कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन किया गया है?**

**a) त्रिपुरा**

b) अरुणाचल प्रदेश

c) मणिपुर

d) असम

**24 नवंबर, 2022 को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिकसाहा ने गोलाघाटी, त्रिपुरा में पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर और रूरल कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य 500 से अधिक किसानों, विशेषकर साप्ताहिक व्यापारियों को लाभान्वित करना है। सीएम के अनुसार, बिना बिके फलों और सब्जियों की बर्बादी के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होता है।**

**7. यूनेस्को-भारत-अफ्रीका हैकथॉन का आयोजन उत्तर प्रदेश के किस विश्वविद्यालय में किया गया?**

a) लखनऊ विश्वविद्यालय

b) इलाहाबाद विश्वविद्यालय

**c) गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

d) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय

**यूनेस्को-भारत-अफ्रीका हैकथॉन 2022 एक वार्षिक 36 घंटे का एक कार्यक्रम था जो उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था। हैकथॉन का आयोजन शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया है और इसमें 22 अफ्रीकी देशों के छात्र भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया।**